दिनांक- 15.2.2022

प्रेस विज्ञप्ति

....

रेलटेल ने वित्त वर्ष 21-22 की तीसरी तिमाही में 474.15 करोड़ रुपये की समेकित आय दर्ज की
कुल आय में Q-o-Q आधार पर 24.38% की वृद्धि हुई
FY22 के पहले नौ माह में PAT में FY21 के पहले नौ माह की तुलना में 34.78%की वृद्धि हुई है

....

14.02.2022 को आयोजित हुई अपनी 127वीं बोर्ड बैठक में रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, जो रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक सीपीएसयू है, ने वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 474.15 करोड़ रुपये की समेकित आय की दर्ज की है, जिससे वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही में 381.09 करोड़ रुपये की समेकित आय की तुलना में Q-o-Q आधार पर 24.38% की वृद्धि दर्ज की गई है। ।

इसके साथ, रेलटेल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही के दौरान समेकित आधार पर 88.14 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ (PBT) और 66.01 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ (PAT) दर्ज किया है। चालू वित्त वर्ष के नौ महीनों में, रेलटेल 1140 करोड़ रु. का कुल राजस्व अर्जित किया है, जो वित्त वर्ष 20-21 के 9 महीनों की तुलना में 17.28% की वृद्धि है।

परिणाम के बारे में बात करते हुए, श्री पुनीत चावला, रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा, “हम इस कमजोर बाजार परिदृश्य में काफी अच्छा कर रहे हैं और लगातार लाभ कमा रहे हैं। अगर मैं चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के परिणाम की तुलना वित्त वर्ष 20-21 से करें, तो हमारा कर पश्चात लाभ (PAT) 34.78% और ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय (EBITDA) में 17.82% की वृद्धि हुई है। अभी हमारे पास 5400+ करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक हैं, जिसे आने वाली तिमाहियों में चरणबद्ध तरीके से निष्पादित किया जाएगा। वर्तमान में हमारी ध्यान डिजिटलीकरण पर है जो हमारे बी2बी के साथ-साथ बी2सी कारोबार को बढ़ावा दे रहा है। हमारी खुदरा बोर्डबैंड सेवा रेलवॉयर 4.6 लाख ग्राहकों तक पहुंच गई है और हम मार्च, 22 के अंत तक 5 लाख ग्राहकों और 280 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार का लक्ष्य बना रहे हैं। हम अपने नेटवर्क और अवसंरचना के विस्तार और उन्नयन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इससे हमें अपने ग्राहकों की संख्या में वृद्धि करने के साथ-साथ मौजूदा ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में मदद मिलेगी। हम 2020 से महामारी की 3 लहरों के बावजूद भी सकारात्मक परिणाम बनाए हुए हैं। हम भविष्य में भी इस गति को जारी रखने के प्रति आश्वस्त हैं।"

....

रेलटेल के बारे में

रेलटेल रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के विभिन्न कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 मार्गकिलोमीटर से अधिक के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Meit) के पैनलबद्ध दो

टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रही है। स्टेशन और कुल 6095 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से सज्जित हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

sucharita@railtelindia.com